भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3075
जिसका उत्तर बुधवार 29 मार्च, 2017 को दिया जाना है

'फेम इंडिया' योजना के लिए धनराशि का आवंटन

3075. श्री के.आर. अर्जुननः

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने हाईब्रिड और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी व्हीकल को बढ़ावा देने वाली 'फेम इंडिया' योजना के लिए ₹14,000 करोड़ का आवंटन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि सरकार विद्युत से चलने वाली बाईक और कार दोनों को ही प्रोत्साहन देने पर भी विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क): जी नहीं।

(ख): उपर्युक्त उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ): सरकार की (हाइब्रिड एवं) इलेक्ट्रिक वाहनों के तीव्र अंगीकरण एवं विनिर्माण (फेम-इंडिया) स्कीम के तहत सभी वाहन सेगमेंट्स अर्थात् 2- पहिया, 3- पहिया ऑटो, यात्री 4-पहिया वाहनों, हल्के वाणिज्यिक वाहनों और बसों को मांग प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

*****